आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 सोमवार** **दिनांक 27.10.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः—**

1— चुनाव आयोग ने आज दूसरे चरण के तहत छत्तीसगढ़ सहित बारह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण किए जाने घोषणा की।

2— लोक शिक्षण संचालनालय ने स्पेशल एजुकेटर के सौ पदों पर सीधी भर्ती के लिए पात्र अभ्यर्थियों की अंतरिम सूची प्रकाशित की—अभ्यर्थी कल शाम पांच बजे तक कर सकते हैं दावा आपत्ति।

3— लोकआस्था के महापर्व छठ के तीसरे दिन आज श्रद्धालुओं ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया।

4— मौसम विभाग ने चक्रवात मोन्था के प्रभाव के कारण कल दक्षिण छत्तीसगढ़ के कुछ जिलों में भारी से अति भारी वर्षा होने की चेतावनी दी।

-------------

**चुनाव आयोग—मतदाता सूची**

चुनाव आयोग ने आज दूसरे चरण के तहत छत्तीसगढ़ सहित बारह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण—एसआईआर किए जाने घोषणा की है। आज नई दिल्ली में मीडिया को जानकारी देते हुए, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि इस

पुनरीक्षण का उद्देश्य मतदाता सूचियों को और अधिक पारदर्शी और त्रुटि–मुक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि दूसरे चरण के तहत, एसआईआर चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ने यह भी बताया कि एसआईआर के पहले चरण में चुनाव आयोग को कोई अपील प्राप्त नहीं हुई।

**प्रधानमंत्री–छत्तीसगढ़**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक नवंबर को छत्तीसगढ़ के एक दिवसीय दौरे पर रायपुर आएंगे। प्रधानमंत्री सुबह करीब दस बजे विशेष विमान से रायपुर स्थित स्वामी विवेकानंद विमानतल पहुंचेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री नवा रायपुर में सत्यसांई संजीवनी अस्पताल पहुंचकर करीब पच्चीस सौ बच्चों से ''दिल की बात'' कार्यक्रम में बातचीत करेंगे। हृदय रोग से पीड़ित इन बच्चों का उपचार सत्यसांई संजीवनी अस्पताल में बगैर किसी शुल्क के मुफ्त में किया गया है। इसके बाद प्रधानमंत्री नवा रायपुर में प्रजापिता ब्रम्हकुमारी भवन ''शांति शिखर'' का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी नवा रायपुर स्थित नये विधानसभा भवन का लोकार्पण करेंगे। साथ ही वे भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की मूर्ति का अनावरण भी करेंगे।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि एक नवम्बर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच अलग–अलग कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

एक नवंबर की शाम को प्रधानमंत्री छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस पर नवा रायपुर में आयोजित राज्योत्सव का उद्घाटन करेंगे। गौरतलब है कि राज्य स्थापना के पच्चीस वर्ष पूरे होने पर इस वर्ष को रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है।

इसके बाद प्रधानमंत्री शाम करीब चार बजे रायपुर विमानतल से विशेष विमान द्वारा नई दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे।

## राज्यपाल–दौरा

राज्यपाल रमेन डेका ने आज नवा रायपुर में आदिवासी अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान परिसर में शहीद वीर नारायण सिंह जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी स्मारक सह–संग्रहालय का जायजा लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्योत्सव के अवसर पर देश के इस पहले डिजिटल संग्रहालय का लोकार्पण करेंगे। राज्यपाल ने लोकार्पण के तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। राज्यपाल ने परिसर में स्थापित आदिवासी संग्रहालय का अवलोकन भी किया।

## स्पेशल एजुकेटर–दावा आपत्ति

लोक शिक्षण संचालनालय ने स्पेशल एजुकेटर के सौ पदों पर सीधी भर्ती के लिए पात्र अभ्यर्थियों की अंतरिम सूची तैयार कर ली है। इस सूची को संचालनालय की वेबसाइट पर प्रकाशित कर दिया गया है। पात्र अभ्यर्थियों से अंतरिम सूची के संबंध में दावा–आपत्ति प्रस्तुत करने के लिए कल अट्ठाईस अक्टूबर को शाम पांच बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। अभ्यर्थियों को स्वयं उपस्थित होकर लोक शिक्षण संचालनालय नवा रायपुर में अपने दावा–आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करने होंगे। इसके साथ ही अपने दावे के समर्थन में आवश्यक दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य होगा।

लोक शिक्षण संचालनालय के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि पहले अमान्य किए गए अभ्यर्थियों से दावा–आपत्ति पहले ही स्वीकार की जा चुकी है, अतः वर्तमान अंतरिम सूची पर केवल पात्र अभ्यर्थियों से ही दावा–आपत्तियाँ स्वीकार की जाएंगी।

## कृषि मंत्री–भर्ती

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद – आईसीएआर से कृषि शिक्षा में सुधार के लिए सभी रिक्त पदों को तत्काल भरने का अनुरोध किया है। श्री चौहान ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय कृषि छात्र सम्मेलन में यह बात कही। कृषि मंत्री ने कहा कि वे सभी

राज्यों के मुख्यमंत्रियों को पत्र भेजेंगे और उनके कृषि मंत्रियों से चर्चा करके कृषि शिक्षा को सुचारू बनाने और सभी रिक्त पदों को शीघ्र भरने के लिए कहेंगे। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कृषि शिक्षा में राष्ट्र को बदलने की शक्ति है। इस सम्मेलन में देश भर के कृषि छात्रों ने भाग लिया और हज़ारों छात्र वर्चुअल माध्यम से जुड़े।

**छठ पर्व**

लोकआस्था के महापर्व छठ का आज तीसरा दिन है। खरना के बाद कल शाम से शुरू निर्जला उपवास करने वाले श्रद्धालुओं ने आज शाम अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। कल सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पण के साथ ही चार दिन का यह अनुष्ठान संपन्न होगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने देशवासियों को सूर्य उपासना के पर्व छठ पूजा की शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने डूबते सूर्य को अर्घ्य देने की परंपरा को अद्वितीय बताया।

वहीं, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि छठ पूजा आस्था, पवित्रता और प्रकृति के प्रति कृ तज्ञता का पर्व है, जो सूर्यदेव और छठ मइया की उपासना के माध्यम से मानव और प्रकृति के मधुर संबंध का संदेश देता है। यह पर्व समाज में सामूहिकता, पवित्रता और पारिवारिक एकता की भावना को सशक्त बनाता है।

**निलंबन**

राज्य सरकार ने श्रम पदाधिकारी कार्यालय बलौदाबाजार में कार्यरत श्रम निरीक्षक रामचरन कौशिक को भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों के चलते तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। गौरतलब है कि श्रम निरीक्षक पर व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से अवैध उगाही के आरोप लगे थे।

वहीं, बलौदाबाजार वनमण्डल के अर्जुनी परिक्षेत्र अंतर्गत वन्यप्राणी गौर–बायसन की करेंट लगाकर शिकार करने की घटना में लापरवाही बरतने के कारण वनरक्षक को निलंबित कर दिया गया है।

**साइबर ठगी–आरोपी गिरफ्तार**

खैरागढ़ जिले की पुलिस ने ऑनलाइन साइबर ठगी करने के मामले में मुंबई से आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से सौ से अधिक खातों में पचास करोड़ रूपए के लेनदेन का खुलासा हुआ है। पुलिस ने मौके से लैपटॉप, फोन, बैंक पास बुक, एटीएम और सिम कार्ड जब्त किया है।

पुलिस के अनुसार खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय की एक छात्रा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उन्होंने बीते बाईस अगस्त को इस्टॉग्राम में विज्ञापन देखकर ऑनलाईन साड़ी ऑर्डर की थी। इसके बाद पीड़िता को साड़ी का ऑनलाइन पेमेंट करने क्यूआर कोड भेजा, फिर ऑर्डर कंफर्म करने के नाम पर अलग अलग किस्तों में करीब चौसठ हजार रूपए की ठगी की। पीड़िता कि रिपोर्ट पर आईजी राजनांदगांव और एसपी खैरागढ़ के निर्देश में साइबर सेल खैरागढ़ और थाना खैरागढ़ की संयुक्त टीम गठित की गई। टीम ने मुंबई के डोम्बिविली से आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

**माओवादी–स्मारक ध्वस्त**

बीजापुर जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र के पील्लूर के जंगलों में माओवादियों द्वारा निर्मित माओवादी स्मारक को आज सुरक्षा बलों के जवानों ने ध्वस्त कर दिया है। डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ की संयुक्त कार्रवाई में माओवादियों द्वारा बनाए गए बीस फीट ऊंचे स्मारक को ढहाया गया।

इस बीच, इसी जिले के ग्राम कांडलापर्ती में सुरक्षा बलों ने नये सुरक्षा और जन–सुविधा कैम्प की स्थापना की है। यह पहल राज्य सरकार की "नियद नेल्ला नार" योजना के अंतर्गत ग्रामीणों को मूलभूत सुविधा और सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए की गई है।

## मौसम

दक्षिण–पश्चिम बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवात मोन्था के प्रभाव के कारण कल अट्ठाईस अक्टूबर को दक्षिण छत्तीसगढ़ के कुछ जिलों में भारी से अति भारी वर्षा होने की चेतावनी दी है। मौसम विभाग ने दक्षिण छत्तीसगढ़ के बीजापुर, दंतेवाड़ा, सुकमा और बस्तर जिलों के कुछ स्थानों के लिए रेड और आरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञानी डॉक्टर गायत्री वाणी ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान दक्षिण छत्तीसगढ़ में भारी वर्षा के साथ ही पचास से साठ किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज़ हवाएं चलेंगी।

## संक्षिप्त समाचार

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज कोरबा में आयोजित छत्तीसगढ़ के पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष स्वर्गीय बनवारी लाल अग्रवाल की पगड़ी रस्म कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने स्वर्गीय अग्रवाल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

और

– जांजगीर–चांपा जिले के पुलिस अधीक्षक विजय पांडेय ने आदेश जारी कर कहा है कि एक नवंबर से पुलिसकर्मी बिना हेलमेट पहने बाइक नहीं चलाएंगे। लोगों को जागरूक करने के लिए समझाईश दी जाएगी।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>